शोध संचालनालय
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्र./शोसं/2026/85 दिनांक– 21/08/2026

अधिसूचना

Ph.D पाठ्यक्रम DET 2024–25 के शारीरिक शिक्षा विषय के पात्र अभ्यर्थियों हेतु शोध पंजीयन एवं कोर्सवर्क से संबंधित ऑनलाइन आवेदन एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल (www-apsu-mponline-gov-in) के माध्यम से दिनांक 24/08/2026 से 31/08/2026 तक आमंत्रित किए जाते हैं। इस संबंध में निम्नानुसार निर्देश जारी किए जाते हैं:

1. DET 2024–25 की अंतिम प्रवेश सूची के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें शोध निर्देशक आवंटित किया जा चुका है वे एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से नामांकन शुल्क (नियमानुसार), आवेदन शुल्क रू 2000/–, पंजीयन शुल्क रु. 5000/– तथा कोर्सवर्क शुल्क (प्रयोगशाला युक्त विषयों हेतु रु. 18000/– एवं प्रयोगशाला रहित विषयों हेतु रु. 12000/–) ऑनलाइन जमा कर कोर्सवर्क हेतु पात्र होंगे।

2. DET 2024–25 की प्रतीक्षा सूची के ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें शोध निर्देशक आवंटित नहीं किया गया है, किन्तु वे कोर्सवर्क करना चाहते हैं, उन्हें कोर्सवर्क शुल्क (प्रयोगशाला युक्त विषयों हेतु रु. 18000/– एवं प्रयोगशाला रहित विषयों हेतु रु. 12000/–) ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रारूपानुसार रु. 100/– के न्यायिक स्टाम्प पर शपथ–पत्र संलग्न करते हुए कोर्सवर्क आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी संबंधित केंद्र में जमा करनी होगी।

3. अंतिम प्रवेश सूची के अभ्यर्थियों को आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी, नामांकन शुल्क, पंजीयन एवं प्रवेश शुल्क की रसीद, शोध केंद्र एवं केंद्रीय पुस्तकालय का प्रमाण–पत्र/शुल्क रसीद अकादमिक विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

4. सभी अभ्यर्थियों को कोर्सवर्क शुल्क की रसीद एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित कोर्सवर्क केंद्र शारीरिक शिक्षा विभाग में निर्धारित समय–सीमा के भीतर जमा करना सुनिश्चित करना होगा।

5. कोर्सवर्क दिनांक 1/09/2026 से शारीरिक शिक्षा विभाग में प्रारंभ किया जाएगा।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1. विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।
2. विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर अप्लीकेशन विभाग, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करे।
3. कुलगुरू जी के सचिव/कुलसचिव जी के निज सहायक, अ.प्र.सिंह विश्वविद्यालय, रीवा।

संचालक